**भारत सरकार**
**रक्षा मंत्रालय**
**रक्षा विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्नी संख्या 625**
**20 नवंबर, 2019 को उत्तबर के लिए**

**रक्षा हेतु कैपिटल खरीद**

**625. श्री बेल्लाना चन्द्रशेखर:**
**श्री श्रीधर कोटागिरी:**
**श्री पी.वी. मिधुन रेड्डी:**

क्याप रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में मेक इन इंडिया पहल को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए रक्षा सेनाओं के लिए स्वदेश में अभिकल्पित और विकसित 3300 करोड़ रुपये के उपकरणों की कैपिटल खरीद को स्वीकृति प्रदान की है; और

(ख) यदि हां, तो उन क्षेत्रों का वृहद् विवरण क्या है जिनके लिए उक्त राशि निर्धारित की गई है ?

**उत्तर**

**रक्षा मंत्रालय मे राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)**

**(क) और (ख): रक्षा सेनाओं के लिए रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने "मेक इन इंडिया" पहल पर प्रोत्साहन को बनाए रखने के लिए स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित एवं विनिर्मित 3300 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि के उपकरणों की कैपिटल खरीद का अनुमोदन किया है । ये तीन परियोजनाएं तीसरी पीढ़ी की एटीजीएम, टी-72 एवं टी-90 टैंकों हेतु आक्जलरी पावर यूनिट और अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए इलेक्ट्रॉनिक युद्धक (ईडब्ल्यू) प्रणालियां हैं ।**

***